Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com

**M**

No. of Printed Pages : 4

# Summative Assessment- II, 2014-15

## Subject : Hindi

## Class : VI

Time : 2½ Hrs.] [M. M. : 70

**सामान्य निर्देश –**

(i) सुन्दर व स्पष्ट लेख लिखिए।

(ii) सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।

(iii) एक प्रश्न हल करने के पश्चात् दो पंक्तियाँ अवश्य छोड़ें।

**खण्ड – क**

1. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए – 1 × 10 = 10

(क) क्रिया के भेद लिखिए। 1

(ख) लिंग बदलिए – 1

नाना, लेखक

(ग) पर्यायवाची शब्द लिखिए – 1

साँप, राजा

(घ) प्रत्यय अलग करके लिखिए – 1

स्वच्छता, देवत्व

(ङ) अर्थ द्वारा अंतर स्पष्ट कीजिए – 1

अनल–अनिल

(च) 'हीन' शब्द लगाकर दो शब्द बनाइए। 1

(छ) विलोम शब्द लिखिए – 1

गुप्त, प्रत्यक्ष

(ज) बहुवचन रूप लिखिए – 1

लड्डू, नदी

(झ) वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए – 1

(i) जिसका पति मर गया हो (ii) जो बिना वेतन लिए काम करे

(ञ) विराम चिह्न लगाइए – 1

मैंने पूछा आप कब आए

P.T.O.

© www.ncerthelp.com

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com



**2.** **किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए –** 5

(क) महात्मा गाँधी

(ख) गुरु नानक देव

(ग) विद्यालय का वार्षिकोत्सव

**3.** स्वास्थ्य अधिकारी को मोहल्ले की सफाई के लिए पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

अपने बड़े भाई के विवाह में शामिल होने के लिए मित्र को निमंत्रण पत्र।

**खण्ड – ख**

**4.** **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए – 1 × 5 = 5**

तीन पर्वतीय अंचलों में बँटा हुआ है मेघालय – खासी पर्वत, गारो और जयंतिया पर्वत और इन्हीं तीन पर्वतीय अंचलों से बने हैं पाँच जिले – पूर्वी खासी पर्वत जिला, पश्चिमी खासी पर्वत जिला, पूर्वी गारो पर्वत जिला, पश्चिमी गारो पवर्त जिला और जयंतिया पर्वत जिला। हर अंचल की अपनी अलग संस्कृति है एवं रीति-रिवाज, पर्व-उत्सव हैं, लेकिन हर कहीं पारिवारिक व्यवस्था मातृसत्तात्मक है। भूमि, धन, संपत्ति सब माँ से बेटी को मिलती है।

(क) मेघालय जिन तीन पर्वतीय अंचलों में बँटा हुआ है, वे हैं – 1

(i) गारो, पूर्वी गारो, खासी (ii) खासी, पश्चिमी खासी, गारो

(iii) खासी, गारो, जयंतिया (iv) जयंतिया, पश्चिमी गारो, खासी

(ख) मेघालय की पारिवारिक व्यवस्था – 1

(i) मातृ सत्तात्मक है (ii) पितृ सत्तात्मक है

(iii) पुरुष सत्तात्मक (iv) इनमें से कोई नहीं है

(ग) तीन पर्वतीय अंचलों से कितने जिले बने हैं? 1

(i) पाँच (ii) तीन

(iii) चार (iv) एक

(घ) 'पारिवारिक' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय का सही स्वरूप है – 1

(i) परिवार + इक (ii) पारि + वारिक

(iii) परिवारि + क (iv) इनमें से कोई नहीं

(ङ) इस गद्यांश का उचित शीर्षक है – 1

(i) मेघालय (ii) पर्वतीय अंचल

(iii) पर्वतीय सौन्दर्य (iv) पर्वतीय संस्कृति

© www.ncerthelp.com

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com



5. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए – (अपठित) $1 \times 5 = 5$

वतन से दूर हूँ लेकिन
अभी धड़कन वहीं बसती है
वह जो तस्वीर है मन में
निगाहों से नहीं हटती।
साँसों में बसी है अब तक
वह सौंधी गंध धरती की
मैं जन्मूँ सिर्फ भारत में
दुआ रब से यही करती।
बड़े ही थे वे जन जिन्होंने
झूल फाँसी पर
दिला दी हमको आज़ादी।

(क) वतन से दूर होने पर भी मन की स्थिति क्या है? 1

(i) मन की स्थिति सामान्य है (ii) हृदय की धड़कन उसी देश में है
(iii) मन बहुत खुश है (iv) मन देश को भूल चुका है

(ख) निगाहों से किसकी तस्वीर नहीं हट पाती? 1

(i) परिवार की (ii) मन में बसे देश के सौन्दर्य की
(iii) शहर की (iv) घर की

(ग) साँसों में अब तक धरती की..................बसी है। (वाक्य पूरा कीजिए) 1

(i) सौंधी गंध (ii) छवि
(iii) नदियाँ (iv) छाया

(घ) इस कविता में ईश्वर से क्या इच्छा प्रकट की गई है? 1

(i) कहीं भी जन्म लेने की (ii) कुछ भी नहीं
(iii) सिर्फ भारत में जन्म लेने की (iv) विदेश में बस जाने की

(ङ) हमको आजादी दिलाने में.................., उन लोगों का योगदान है। 1

(i) जिन्होंने केवल आन्दोलन किया (ii) जो खुशी-खुशी फाँसी पर झूल गए
(iii) जिन्होंने अनशन किया (iv) जिन्होंने समर्थन किया

P.T.O.

© www.ncerthelp.com
Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
NcertHelp
© www.ncerthelp.com



6. 'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए। 5

**अथवा**

नेहरूजी ने इस बात का हलका-सा संकेत दिया कि दुनिया कैसे शुरू हुई होगी। उन्होंने क्या बताया है? 'संसार पुस्तक है' पाठ के आधार पर लिखिए।

7. **निम्नलिखित में से किन्हीं सात प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** 2 × 7 = 14

(क) 'जिन लोगों के पास आँखें हैं, वे सचमुच कम देखते हैं।' हेलेन केलर को ऐसा क्यों लगता है? 2

(ख) गोल, चमकीला रोड़ा अपनी क्या कहानी बताता है? 2

(ग) लेखक के अनुसार धरती कितने वर्ष पुरानी है? 2

(घ) बच्ची बड़ी क्यों नहीं होना चाहती है? 2

(ङ) 'कहूँ दिखा दे चंद्रोदय!' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2

(च) लोकगीत शास्त्रीय संगीत से किस प्रकार भिन्न है? 2

(छ) लोकगीतों के साथ-साथ क्या बजाया जाता है? 2

(ज) दक्षिण अफ्रीका में गाँधीजी कितना पैदल चलते थे? 2

(झ) सीताजी की व्याकुलता देखकर रामजी का क्या हाल हुआ? 2

8. **निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** 3 × 3 = 9

(क) सीताजी की आँखों में आँसू क्यों आ गए? 3

(ख) आश्रम में काम करने या करवाने का कौन-सा तरीका गाँधीजी अपनाते थे? 3

(ग) बाँस की खपच्चियों से कौन-कौन-सी चीजें बनाई जाती हैं? 3

(घ) 'मैं सबसे छोटी होऊँ' में 'मैं' शब्द किसके लिए आया है? 3

© www.ncerthelp.com

**खण्ड – ग**

9. **निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** 2 × 3 = 6

(क) हनुमान ने राम-लक्ष्मण से क्या पूछा? 2

(ख) हनुमान को समुद्र पार करते समय किस-किस राक्षसी का सामना करना पड़ा? 2

(ग) विभीषण ने अपने भाई से क्या निवेदन किया? 2

(घ) राम ने राज्याभिषेक के बाद विभीषण से क्या कहा? 2

10. **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** 3 + 3 = 6

(क) राम ने हनुमान को बुलाकर क्या कहा? 3

(ख) संपाति कौन था? सीता के बारे में उसने क्या जानकारी दी? 3

(ग) राम ने अंगद को क्या कार्य सौंपा? 3

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12